## सार-समाचार

### पाली में मधुमक्खियों के हमले में 12 घायल

**पाली**, (नि.सं.)। पाली में शुक्रवार को खेत में काम कर रही महिलाओं पर मधुमक्खियों ने हमला कर दिया। जिसमें करीब 12 जने घायल हो गए। उन्हें उपचार के लिए पाली के बांगड़ हॉस्पिटल लाया गया, जहां उनका इलाज जारी है। जानकारी के अनुसार- पाली शहर के मंडली खुर्द गांव के पास एक खेत में महिलाएं रायड़े की कटाई कर रही थी। इस दौरान एक पेड़ पर लगा मधुमक्खियां का छत्ता हिल गया, जिससे मधुमक्खियों ने महिलाओं पर हमला कर दिया। मधुमक्खियों के काटने से लोगों में अफरा-तफरी मच गई। इससे महिलाओं ने भाग कर अपनी जान बचाई। घायल महिलाओं को आस-पास के खेत में काम कर रहे किसान इलाज के लिए शुक्रवार दोपहर को पाली के बांगड़ हॉस्पिटल के ट्रॉमा वार्ड लेकर पहुंचे। जहां ड्यूटी डॉक्टर व नर्सिंगकर्मियों ने उनका इलाज किया। मधुमक्खियों के काटने से गीता देवी पत्नी पूनमराम गुर्जर, सोनी देवी पत्नी सोहनलाल गुर्जर, गवरी पत्नी करपाल, रामलाल पुत्र जेठा राम बावरी, प्रदीप सिंह पुत्र गणपत सिंह, प्रेमा देवी पत्नी हिमताराम, लीला देवी पत्नी मांगीलाल, प्रेम देवी पत्नी नरेश बावरी, सुमन देवी पत्नी जगदीश देवासी, नेमाराम पुत्र जोगाराम बावरी, किशनाराम पुत्र कस्तूर राम मेघवाल, सुखदेव पुत्र मालाराम हीरागर घायल हो गए।

### जुआ खेलने के आठ आरोपी गिरफ्तार

**पाली**, (नि.सं.)। पाली में घर में छुपकर जुआ खेल रहे आठ लोगों को सीओ सिटी उषा यादों की मौजूदगी में पुलिस ने गिरफ्तार किया। पुलिस ने उनके कब्जे से 10 हजार 100 रुपए भी जब्त किए हैं। औद्योगिक थाने के एसएचओ जसवंत सिंह ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर सुभाष नगर ए स्थित भोमाराम चावड़ा के मकान पर दबिश दी। जहां गुब्बा खाईवाली कर जुआ खेलते 8 जनों को गिरफ्तार किया। उनके कब्जे से 10 हजार 100 रुपए भी जब्त किए। पुलिस ने 36 साल के लखन सिह पुत्र कमलेश निवासी लोको कोलोनी रातानाडा जोधपुर, 32 साल के अशोक पुत्र भंवरलाल भाट निवासी सुभाष नगर बी पुलिस थाना औद्योगिक क्षेत्र पाली, 34 साल के सुनिल कुमार पुत्र कल्याण दास निवासी प्रताप नगर पुलिस थाना औद्योगिक क्षेत्र पाली, 66 साल के सुरजमल पुत्र शिवजी निवासी सुभाष नगर बी पुलिस थाना औद्योगिक क्षेत्र पाली, 48 साल के प्रकाश पुत्र रूपचन्द निवासी शिवाजी नगर पुलिस थाना औद्योगिक क्षेत्र पाली, 25 साल के लाडू सिह पुत्र बादर सिह निवासी जय नगर महाराणा प्रताप चौराहे के पास पाली, 45 साल के अशोक पुत्र अरविन्द निवासी सुभाश नगर बी पाली और 28 साल के हितेश गहलोत पुत्र नारायण सिह निवासी कुड़ी भगतासनी जोधपुर को गिरफ्तार किया।

### 8 माह की गर्भवती को बिच्छू ने काटा

**पाली**, (नि.सं.)। पाली में एक 21 साल की 8 महीने की गर्भवती एक महिला को खेत में काम करते समय बिच्छू डंक मार दिया। इलाज के लिए हॉस्पिटल पहुंचे वहां कपड़ों में छिपे बिच्छू ने महिला को कई बार और महिला दर्द से चिल्लाई तो परिजनों ने उसके कपड़ों को छटका जिसमें से बिच्छू निकला। बिच्छू को तुरंत ही परिजनों ने मार दिया।घटना पाली जिले के मांडावास गांव के निकट खेत में गुरुवार दोपहर को हुई। खेत में झोपडी बनाकर रह रही 21 साल की ममता पत्नी सुरेश खेत में काम कर रही थी। इस दौरान उसके कपड़ों में बिच्छू घूस गया और पैर पर दो बार काट लिया। परिजन उसे इलाज के लिए उसे चेंडा ले गए जहां कपड़ों में छुपे बिच्छू ने उसे 6 बार और काट लिया। वह दर्द से चिल्लाई कि उसे और काटा। इसे में परिजनों ने उसके कपड़े झटके तो उसके अंदर से बिच्छू गया। जिसे तुरंत परिजनों मार दिया। ओर घायल गर्भवती को उपचार के लिए पाली के बांगड़ हॉस्पिटल उपचार के लिए लेकर पहुंचे। बिच्छू के काटने से उसकी बॉडी के सूजन आ गई। जिसका उपचार किया गया।

### सुमेरपुर में कुकीज प्रशिक्षण दिया

**पाली**, (नि.सं.)। जिला प्रशासन एवं महिला अधिकारिता विभाग पाली के संयुक्त तत्वाधान में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के 10 वर्ष पूर्ण होने एवं राजस्थान मरु उडान कार्यक्रम अन्तर्गत सुमेरपुर पंचायत समिति में मिलेट कुकीज प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। महिला अधिकारिता विभाग के उप निदेशक भागीरथ चौधरी ने बताया कि उपस्थित महिलाओं को ट्रेनर शारदा शर्मा ने बाजरे के आटे से कुकीज बनाने का प्रशिक्षण दिया। कुकीज बनाने हेतु आवश्यक सामग्री उपयोग करने के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बाजरे से बने कुकीज मैदे से बने कुकीज की तुलना में अधिक फायदेमंद होते हैं। बाजरे में कई पोषक तत्व होते हैं जैसे विटामिन बी, आयरन और फाइबर आदि मिनरलस होते है साथ ही बाजरे से बने कुकीज खाने से पाचन सुधारने और इम्युनिटी बढ़ाने में मदद मिलती है। महिलाए इन्हें आसानी से घर पर बना सकती है और अपने रोजगार के रूप में इन्हें शामिल कर आमदनी का अच्छा स्त्रोत बना सकी है। जिला हब एम्पावरमेन ऑफ वूमन से जेण्डर स्पेशलिस्ट राजश्री द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की शपथ दिलवायी गई। इस कार्यक्रम में 50 से 60 महिलाएं उपस्थित रही तथा प्रचेता भगवती अहीर द्वारा उपस्थित महिलाओं को अपने रोजगार को बढावा देने हेतु विभाग सहयोग भरने की बात कही।

### चुनाव के बहिष्कार की चेतावनी दी

**रेवदर**, (निसं)। रेवदर ग्राम पंचायत भटाना के राजस्व गांव कंबोडिया खेडा एवं सेबरा खेडा के ग्रामीणों ने एक मत होकर दोनों गांव को ग्राम पंचायत भटाना में यथावत रखने को लेकर उपखंड अधिकारी ,रेवदर विधायक ,पूर्व विधायक जगसी राम कोली समेत सभी जनप्रतिनिधियों को ज्ञापन देकर उन्हें ग्राम पंचायत भटाना में यतवत रखने की मांग की। ग्रामीणों ने रेवदर पहुंचकर दिए ज्ञापन में बताया कि कंबोडिया खेडा एवं सेबरा खेडा भटाना का ही एक भाग है एवं भौगोलिक दृष्टि से भी भटाना से ही इसका जुडाव है ऐसे में इन्हें ग्राम पंचायत भटाना के अलावा अन्य किसी भी ग्राम पंचायत में नहीं जोडने का निवेदन किया। ग्रामीणों ने बताया कि हमारे द्वारा कभी भी ग्राम पंचायत भटाना के अलावा अन्य पंचायत में जुडने का लेकर कोई मांग नहीं की गई है ऐसे में हमारे बिना सहमति एवं बिना मांग के हमें अन्य ग्राम पंचायत में जोडना हमारे साथ न्याय नहीं है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी की यदि हमें ग्राम पंचायत भटाना के अलावा अन्य किसी भी ग्राम पंचायत में जोडा जाता है तो आंदोलन को उग्र किया जाएगा एवं आगे सभी चुनाव का बहिष्कार भी किया जाएगा।

### निजी कॉलेज के सामने गांजा सहित पकड़ा

**जोधपुर**, (कासं)। कमिश्नरेट पुलिस ने बुधवार को अलग अलग स्थानों पर कार्रवाई करते हुए मादक पदार्थ अवैध शराब और गांजे को बरामद किया। सबसे बड़ी बात हे कि शहर के कई निजी शिक्षणों के आस पास रात के समय में मादक पदार्थ बेचे जाते है। पूर्व में पुलिस कई बार खुलासे करती रही है। एक बार फिर निजी कॉलेज के सामने एक व्यक्ति को गांजा बेचते पकड़ा गया है। करवड़ थानाधिकारी लेखराज ने बताया कि पुलिस की तरफ से मादक पदार्थ तस्करी की रोकथाम के लिए विशेष दिशा निर्देशों की पालना की कड़ी में बुधवार को करवड़ स्थित निफ्ट कॉलेज के सामने एक संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ा गया। उसके पास में तलाशी लिए जाने पर गांजा मिला। इस पर पुलिस ने विनायकपुरा भवाद निवासी रघुनाथराम पुत्र बिरमाराम विश्नोई को गिरफ्तार कर 15 ग्राम गांजा जब्त किया। उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। वहीं माता का थान पुलिस थाने के एसआई हरखाराम ने भदवासिया अस्पताल के सामने अवैध रूप से शराब के साथ अजयराज उर्फ अर्जुन पुत्र केवलचंद को पकड़ा और 21 पव्वे देशी शराब के बरामद किए।

### कीर्ति कच्छवाहा का पाली में स्वागत

**पाली**, (नि.सं.)। पंचायत राज पाली जिला प्रभारी कीर्ति कच्छवाहा का पाली में कांग्रेस जिलाध्यक्ष अजीज दर्द के नेतृत्व में स्वागत किया। सेवादल प्रदेश उपाध्यक्ष मोहन हटेला, महिला कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष नीलम बिड़ला, पाली शहर ब्लॉक कमेटी अध्यक्ष जीवराज बोराणा, युवा जिलाध्यक्ष गोवर्धन देवासी, शहर संगठन महामंत्री भंवर राव, जिला महासचिव रफीक चौहान, ओबीसी जिलाध्यक्ष गोविन्द बंजारा, अल्पसंख्यक जिलाध्यक्ष लाल मोहम्मद सिंधी, दिनेश दवे, पुर्व पार्षद आमीन रंगरेज, असगर खत्री, एडवोकेट विक्रम चंदानी, मांगीलाल सोलंकी, अनवर खां सिपाही सहित कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

### चाली गांव के मंदिर में चोरी

**जोधपुर**, (कासं)। लूणी के चाली गांव में आए एक मंदिर में कल रात को सैंध लगाकर अज्ञात चोर नगदी और भगवान को चढ़ाए गए आभूषण चुरा ले गए। दानपेटी में हजारों की नगदी थी। लूणी पुलिस अब सीसीटीवी फुटेज से चोरों का पता लगाने का प्रयास कर रही है। चाली लूणी निवासी श्रवणदास पुत्र धनदास संत की तरफ से पुलिस में रिपोर्ट दी गई है।

# अधिकारियों ने रीट परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया

**जालोर**, (कासं)। जिले में रीट परीक्षा 2024 का आयोजन दो दिवस क्रमशः 27 फरवरी को लेवल प्रथम पारी व लेवल 2 द्वितीय पारी में तथा 28 फरवरी को लेवल 2 तृतीय पारी में आयोजित की जा रही है।

जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे व जिला पुलिस अधीक्षक ज्ञानचंद्र यादव ने जिले को परीक्षा की दृष्टि से संवेदनशील माने जाने के कारण जालोर शहर व मांडवला के परीक्षा केन्द्रों में जाकर परीक्षा केन्द्रों की सुरक्षा व्यवस्था का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने परीक्षा केन्द्रों पर सभी कक्षों दीवार घड़ी लगाने, दीवारों पर से पाठय विशयवस्तु को हटाने या ढकने, शौचालय की साफ-सफाई, शुद्ध पेयजल, निर्बाध विद्युत प्रवाह, कक्षा कक्षों में पंखे एवं ट्यूबलाईट की व्यवस्थाओं, परीक्षा केन्द्र के आसपास से धूम्रपान की सामग्री विक्रेता केबिन को बंद रखने, परीक्षा अवधि में परीक्षा केन्द्रों के पास ई-मित्र एवं मल्टीमीडिया बंद रखने, कक्षा-कक्षों की खिडकियों की जालियां ठीक करवाने, निर्धारित समय पर परीक्षा केन्द्र पर नियुक्त फील्ड सुपरवाईजर चेतावनी की आवाज लगाते हुए मुख्य गेट बंद करने, परीक्षा केन्द्रों पर सभी अधिकारी व कर्मचारी राजकीय नियुक्त करने तथा उनके फोटोयुक्त परिचय पत्र जारी करने, रेल्वे स्टेशन एवं बस स्टॉप पर एनसीसी एवं स्काउट के वॉलेन्टीयर नियुक्त करने, परीक्षा केन्द्रों पर कक्षा-कक्षों की स्थिति जानने के लिए चिन्ह अंकित करने आदि निर्देष प्रदान किए। रीट परीक्षा के लिए जालोर जिले में 26 परीक्षा केन्द्र निर्धारित किये हैं जिस पर 27 फरवरी को प्रथम पारी में 16 केन्द्रों पर 3399, द्वितीय पारी में 21 केन्द्रों पर 4839 व 28 फरवरी को 26 परीक्षा केन्द्रों पर 5936 परीक्षार्थी आवंटित किये गये हैं। जिले में जालोर शहर में 17 परीक्षा केन्द्र, आहोर शहर में 6 परीक्षा केन्द्र, मांण्डवला में 2 परीक्षा केन्द्र व गोदन में 1 परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। रीट परीक्षा के लिए नोडल एंजेन्सी माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने भी परीक्षा केन्द्रो पर सुरक्षा की दृष्टि से दो-दो महिला एवं पुरूष पुलिस बल, दो-दो होमगार्डस, एसएसएमडी से फ्रिस्किंग, फेस रिकोगनेशन एवं बायोमेट्रिक्स जांच, परीक्षा केन्द्रों पर सीसीटीवी से वेब कास्टिंग, प्रश्न पत्र ले जाने वाली वाहन, ओएमआर शीट प्राप्त करने वाले वाहन की जीपीएस से ट्रेकिंग व प्रत्येक वाहन के साथ वीडियोग्राफर, सशस्त्र सुरक्षागार्ड की व्यवस्था, परीक्षा प्रारंभ से एक घंटा पूर्व मुख्य गेट बंद किया जाकर परिक्षार्थियों का प्रवेश बंद किए जाने, परीक्षार्थियों से प्रवेश-पत्र की कार्यालय प्रति तथा उसके साथ लाई गई मान्य फोटो पहचान पत्र स्वप्रमाणित प्रति जमा करने, परीक्षा समाप्ति पर वापस लेने, प्रत्येक परीक्षा केन्द्रों पर फील्ड सुपरवाईजर, 5 केन्द्रों पर जोनल अधिकारी, 10 केन्द्रों पर एरिया अधिकारी, विशेष उडनदस्ता दल आदि व्यवस्था की गई है। राज्य सरकार द्वारा परीक्षा की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए 17 फरवरी को बोर्ड प्रशासक एवं सचिव द्वारा तथा 19 फरवरी को राज्य के मुख्य सचिव द्वारा सभी जिला कलक्टर, जिला पुलिस अधीक्षक एवं जिला अधिकारियों की विस्तृत वीसी ली गई है। केन्द्रों पर मोबाईल, ब्लूटुथ, पेजर एवं अन्य इलेक्ट्रोनिक उपकरण लाना निशेध रहेगा। परीक्षा कक्ष में घड़ी, चैन, अंगूठी, काने के टॉप्स, लोकेट पहनकर नही आ सकेंगे तथा पर्स, हेण्डबैग अथवा डायरी साथ नहीं ला सकेंगे। परीक्षा भवन में धूम्रपान व मादक पदार्थ व गुटखा आदि का सेवन करना व रखना पूर्णतया वर्जित है। केन्द्राधीक्षक को ही की-पेड फोन अनुमत होगा। इसके अलावा समस्त कार्मिकों एवं परीक्षार्थियों को परीक्षा केन्द्र फोन नहीं लाने के लिए निर्देशित किया गया हैं। परीक्षा केन्द्रों में फोन रखने की कोई व्यवस्था नही होगी। जिला प्रशासन द्वारा निर्देशित किया गया है कि जिले के सभी परीक्षा केन्द्रों को परीक्षा पूर्व 26 फरवरी को बंद किये जाने के बाद परीक्षा दिवस को पुलिस बल की उपस्थिति में परीक्षा केन्द्र का दरवाजा खोलकर परिचय पत्र एवं फोन नही होने की जांच करते हुए परीक्षा केन्द्र पर नियुक्त कर्मचारियों को अंदर जाने की अनुमति दी जायेगी। केन्द्राधीक्षकों एवं वीक्षकों के द्वारा परीक्षा अवधि में जांच करने किसी का अवांछनीय सहयोग एवं आचरण पाये जाने पर उसके विरूद्ध राजस्थान सार्वजनिक परीक्षा अधिनियम 2022 के तहत कार्यवाही की जायेगी। जिला प्रशासन द्वारा सभी परीक्षार्थियों से अपील की गई हैं कि परीक्षा की ड्रेसकोड कें अनुसार ही परीक्षा के लिए उपस्थित होवें एवं परीक्षा के समय से पूर्व परीक्षा केन्द्रों पर पहुंच जाये जिससे परीक्षा केन्द्रों पर प्रवेश एवं जांच कोई रूकावट व व्यवधान उत्पन्न नहीं हो।

# संभागीय आयुक्त ने जालोर कारागृह की व्यवस्थाएं जांची

**जालोर**, (कासं)। संभागीय आयुक्त डॉ. प्रतिभा सिंह ने शुक्रवार को जिला कारागृह का औचक निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। जिसमें व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गई।

संभागीय आयुक्त डॉ. प्रतिभा सिंह के जिला कारागृह पहुँचने पर पुलिस के जवानों द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। उन्होंने जिला कारागृह में बंदियों से कारागृह की व्यवस्थाओं, उनकी दिनचर्या व उन्हें मिल रही सुविधाओं के संबंध में जानकारी लेते हुए व्यवस्थाओं को लेकर कार्मिकों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने बीमार बंदियों के उपचार के लिए कारागृह में चिकित्सा व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली। संभागीय आयुक्त ने विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए जिला कारागृह में सुरक्षा व्यवस्था व साफ-सफाई पर कार्मिकों को निर्देशित किया।

कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे, जिला पुलिस अधीक्षक ज्ञानचन्द्र यादव, कारागृह की पुलिस उप अधीक्षक सम्पति बामणिया सहित कारागृह के कार्मिक एवं पुलिस जवान उपस्थित रहे।

### धोखाधड़ी की

**जोधपुर**, (कासं)। शेयर बाजार में मोटा मुनाफा दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी करने का मामला पुलिस ने दर्ज किया है। बासनी पुलिस ने बताया कि केके कॉलोनी, बासनी निवासी भरत प्रजापत की तरफ से यह रिपोर्ट दी गई। इसमें बताया कि पिछले साल 21 मई को बिग बॉस मैन्स वियर सांगरिया पर आए तीन भाईयों विवेक विहार निवासी रविंद्र, अनिल और सुनील ने उसके और उसके भाई को झांसा देकर एक लाख रूपये का निवेश कराया था। उक्त लोगों ने पीड़ित के नाम की मोबाइल की नई सिम ली, बैंक खाता और एटीएम लेकर फर्जी तरीके से लेन देन भी कर डाला।

### युवक ने फंदा बनाकर दी जान

**जोधपुर**, (कासं)। शहर के राजीव गांधी नगर एरिया अफोर्टेबल योजना में रहने वाले एक युवक ने फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। राजीव गांधी नगर पुलिस के अनुसार ए- 59 प्रतापनगर निवासी श्रीराम पुत्र कनीराम सुथार की तरफ से मर्ग में रिपोर्ट दी गई।

इसमें बताया कि उसके भतीजे लखन पुत्र गंगाराम अरिहंत अफोर्टेबल योजना चोखा में एक फ्लैट में फंदे पर लटकर अपनी जान दे दी। उसे फंदे से उतार कर अस्पताल लाया गया। डॉक्टर ने उसे मृत बता दिया।

# रामसीन से हरिदास महाराज महाकुंभ के लिए रवाना हुए

**जालोर**, (कासं)। जालोर जिले के रामसीन ग्राम में रामसिंह रामदेव मंदिर के हरिदास महाराज महाकुंभ भाग लेने के लिए रवाना हुए। जहां रामसीन गांव के भक्तो ने फुल मालाओ से स्वागत किया और उनके मंगलमय यात्रा की कामना की।

इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने महाकुंभ के महत्व और आध्यात्मिक यात्रा पर चर्चा की।

हरिदास महाराज ने गांववासियों को महाकुंभ, शाही स्नान और भारत की सांस्कृतिक तथा आध्यात्मिक विरासत के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने महाकुंभ के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह आयोजन हर 12 वर्षो में प्रयागराज, हरिद्वार, उज्जैन और नासिक में होता है, जहां लाखों श्रद्धालु पवित्र स्नान का लाभ उठाते हैं। कई श्रद्धालु हरिदास महाराज के साथ इस आध्यात्मिक यात्रा में शामिल हो रहे हैं।

इस अवसर पर विशेष रूप से भील समाज युवा संगठन जिला अध्यक्ष मनोहर राणा जावाल, लक्ष्मण दास, लुबा राम राणा, गोवा राम , पारसाराम और उनकी पूरी टीम भी महाकुंभ में भाग लेने के लिए रवाना हुई।

# दलित दूल्हे को घोड़ी से उतारने के मामले में दो गिरफ्तार

**भीनमाल**, (निसं)। गत दिनों सांचौर के हरियाली गांव में एक दलित दुल्हे को घोड़ी से उतारने के मामले में सांचौर पुलिस ने शुक्रवार को मामले में दो नामजद आरोपियों को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है।

पुलिस महानिरीक्षक विकास कुमार के निर्देशानुसार रेंज में विभिन्न प्रकरणों में वांछित अपराधियों/स्थायी वारण्टीयों की धरपकड हेतु चलाये जा रहे अभियान भौकाल के तहत जालोर जिला पुलिस अधीक्षक ज्ञानचंद यादव के निर्देशन में आरोपियों की धरपकड कार्यवाही के तहत सांचौर एएसपी आवडदान रतनू, सहायक पुलिस अधीक्षक व वृताधिकारी काबंले शरण गोपीनाथ आईपीएस के निकटतम सुपरविजन में सांचौर थानाधिकारी देवेन्द्रसिंह कच्छवाह के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा प्रकरण में पुलिस थाना सांचौर में नामजद अभियुक्त बलवंत सिंह पुत्र दलपत सिंह जाति राजपुत निवासी हरियाली व महिपाल सिंह पुत्र छैलसिंह, जाति राजपुत निवासी हरियाली, पुलिस थाना सांचौर को मुखबीर तंत्र की सहायता से शुक्रवार को दस्तयाब कर बाद अनुसंधान व पूछताछ के गिरफ्तार किया गया। प्रकरण में मुलजिमान से गहन अनुसंधान जारी है।

ज्ञातव्य रहे कि बुधवार 19 फरवरी को प्रार्थी भागीरथ राम पुत्र मांगीलाल जाति जटिया उम्र 45 साल निवासी बालोतरा ने उपस्थित थाना होकर लिखित रिपोर्ट पेश की कि दिनांक 18 फरवरी 2०25 को मेरे पुत्र सुनिल कुमार की बारात लेकर ग्राम हरियाली निवासी सुरेश कुमार की पुत्री पूजा के साथ शादी करवाने हेतु आए थे। रात्रि करीबन 9.3० बजे दुल्हे सुनिल कुमार को घोडी पर बिठाकर तोरण की रस्म अदा की जा रही थी कि इतने मे पूर्व सुनियोजित योजनाबद्ध तरीके से हरियाली में मेरे समधी के घर में अनाधिकृत रुप से प्रवेश कर मुलजिमानो द्वारा धक्का मुक्की व मारपीट कर जातिसूचक शब्दों से अपमानित करना वगैरा घटना का प्रकरण संख्या 83 उपरोक्त धाराओं में दर्ज कर अनुसंधान सहायक पुलिस अधीक्षक व वृताधिकारी काबंले शरण गोपीनाथ आईपीएस द्वारा शुरू किया गया था। पुलिस ने आज दो नामजद आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

इस दौरान पुलिस टीम में थानाधिकारी देवेन्द्र सिंह सीआई, हैड कांस्टेबल कालुदान, कांस्टेबल मालाराम, मांगाराम, मांगीलाल, चालक शिवकरण शामिल रहे।

### 150 श्रद्धालु महाकुंभ रवाना

**जोधपुर**, (कासं)। महाकुंभ प्रयागराज के लिए 150 श्रद्धालुओं का जत्था आज जोधपुर से रवाना हुआ है। यह जत्था अयोध्या, काशी, बनारस होते हुए शिवरात्रि के पावन पर्व पर महाकुंभ प्रयागराज पहुंचेगे।

मां सच्चियाय यात्रा के संचालक रामरतन टाक ने जानकारी देते हुए बताया कि यह उनकी प्रयागराज महाकुंभ के लिए पांचवी यात्रा है। जिसमें सभी यात्रियों को खाना, चाय, धर्मशाला सहित व्यवस्था प्रदान की जाती हैं और इसके साथ ही प्रयागराज में त्रिवेणी संगम से मात्र 5 किलोमीटर की दूरी पर बस रूकती है। जिससे यात्रियों को किसी प्रकार की चलने में असुविधा नहीं होती। यात्रा के व्यवस्थापक दिलीप टाक ने बताया कि यात्रा में सभी को ग्रुप में साथ रखकर दर्शन करवाए जाते हैं एवं सबको सिर में लगाने के लिए टोपी दी जाती है, जिस पर पूरा एड्रेस मोबाइल नंबर लिखा रहता है। जिससे कोई गुम नहीं हो जाए।

# मिराज सिनेमा और मिराज एंटरटेनमेंट की अपील खारिज

**जोधपुर**, (कासं)। राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग ने मिराज सिनेमा और मिराज एंटरटेनमेंट की अपील खारिज कर दी,जिसमें जिला उपभोक्ता आयोग ने चार सिने दर्शकों को जबरदस्ती और नाजायज तरीके से सिनेमा हॉल में 200 रुपए की पॉप कार्न टिकट के साथ खरीदने को मजबूर किए जाने पर मिराज सिनेमा बायोस्काप और मिराज एंटरटेनमेंट को न केवल पॉप कार्न की कीमत बल्कि 75 हजार 200 रुपए अदा करने का आदेश दिया था कि परिवादी को दो माह में 20 हजार रुपए हरजाना,पांच हजार रुपए परिवाद व्यय और 200 रुपए पॉप कार्न के तथा सिनेमा हॉल द्वारा दर्शकों से मुनाफाखोरी कर जबरन पॉप कार्न बेचने पर उपभोक्ता कल्याण कोष में 50 हजार रुपए भी जमा कराएं, जिला कलैक्टर को उचित कार्रवाई करने वास्ते निर्णय की प्रति भी प्रेषित करने के आदेश दिए।

परिवादी अनिल भंडारी,उर्मिला भंडारी,रंजू जैन और शांति चंद पटवा ने परिवाद दायर कर कहा कि 24 मई 2018 को उन्होंने पिक्चर देखने के वास्ते 140 रुपए प्रति टिकट पेटिएम से बुक करवाए थे और सिनेमा हॉल पहुंचने पर उन्हें 90 रुपए के टिकट जारी किए गए और बताया गया कि अतिरिक्त 50 रुपए पॉपकॉर्न खरीद के अनिवार्य रूप से लिए जा रहे है।

परिवादी की ओर से बहस करते हुए कहा गया कि सिनेमा हॉल में उन्हें गत्ते के डिब्बे में महज पांच दस रुपए की पॉप कार्न सुपुर्द की गई।

उन्होंने कहा कि टिकट खरीद के साथ पॉप कार्न खरीदने को नाजायज तरीके से मजबूर किया सो उनका यह कृत्य न केवल अनुचित व्यापार व्यवहार है बल्कि सेवा में कमी और त्रुटि है। अपीलार्थी की ओर से कहा गया कि सिनेमा देखने की बुकिंग पेटियम से की गई है और उनके कृत्य के वास्ते वे जिम्मेदार नहीं है और पेटिएम को पक्षकार नहीं बनाया गया है सो अपील मंजूर कर परिवाद खारिज किया जाए। अपील खारिज कर राज्य उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष देवेंद्र कछावा और सदस्य संजय टाक ने कहा कि परिवादी को अपनी इच्छा से नहीं बल्कि मजबूरीवश सिनेमा टिकट के साथ पॉप कार्न की अनुचित कीमत अदा करने के वास्ते बाध्य होना पड़ा।

- **सिनेमा हॉल में टिकट के साथ पॉप कार्न खरीदने को मजबूर किए जाने का मामला**

उन्होंने कहा कि पेटिएम ने सिनेमा प्रबंधन के निर्देशानुसार ही राशि वसूल की है सो अपने एजेंट के इस कृत्य के वास्ते मिराज सिनेमा ही जवाबदेह हैं।

उन्होंने कहा कि पॉपकॉर्न गत्ते पर मिराज का ही मोनोग्राम है सो उनका यह कहना गलत है कि पॉपकॉर्न बेचने में उनका कोई सारोकार नहीं है। उन्होंने कहा कि परिवादीगण से दो सौ रुपए की राशि नाजायज रूप से वसूल की गई है जो अपीलार्थी का अनुचित व्यापार व्यवहार और सेवा में दोष है।

अपील खारिज होने पर अब मिराज सिनेमा बायोस्कोप और मिराज एंटरटेनमेंट को परिवादी को पॉप कार्न कीमत दो सौ रुपए,20 हजार रुपए हरजाना और 5 हजार रुपए परिवाद व्यय अदा करना होगा तथा उपभोक्ता कल्याण कोष में 50 हजार रुपए जमा कराने पड़ेंगे।

## सार-समाचार

### जालोर भूमि विकास बैंक से मिलेगा ऋण

**जालोर**, (कासं)। संयुक्त राष्ट्र द्वारा घोषित अन्तर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष-2025 के तहत राज्य के सहकारिता मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम कुमार दक व सहकारिता विभाग की रजिस्ट्रार व प्रमुख शासन सचिव मंजू राजपाल के अथक प्रयासों के परिणामस्वरूप जालोर जिले में जालोर सहकारी भूमि विकास बैंक लि. जालोर को राज्य सरकारी भूमि विकास बैंक द्वारा किसानों को दीर्घकालीन ऋण वितरण के लक्ष्य आवंटित किए गए हैं। दीर्घकालीन साख संरचना में राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) से पुनर्वित्त मिलने के पश्चात् बैंक द्वारा 12 वर्ष बाद किसानों को दीर्घकालीन ऋण वितरण किया जाएगा। सहकारी समितियां के सचिव एवं उप रजिस्ट्रार सुनील वीरभान ने बताया कि काफी समय से बैंक को नाबार्ड से पुनर्वित्त मिलने के अभाव में योजनान्तर्गत ऋण वितरण नहीं हो पा रहा था। अब नाबार्ड द्वारा पुनर्वित्त जारी करने एवं एनसीडीसी द्वारा ब्याज दरों में कमी किये जाने के परिणामस्वरूप अब ऋण वितरण संभव हो रहा है। किसानों एवं लघु उद्यमियों को यह ऋण वितरण किया जायेगा जिसके फलस्वरूप भूमि विकास बैंक द्वारा वितरित दीर्घकालीन कृषि ऋण मात्र 5.05 प्रतिशत एवं दीर्घकालीन अकृषि ऋण मात्र 7.05 प्रतिशत की ब्याज दर पर उपलब्ध हो सकेगा, जो अन्य बैंकों से अपेक्षाकृत कम है। राज्य सरकार का दीर्घकालीन सहकारी साख संरचना के पुनरूद्धार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने ऋणी किसानों से अपील की है कि वे बैंक की ऋण वसूली में सहयोग करें तथा अपने बकाया ऋणों का चुकारा कर अपनी जमीन रहन मुक्त करवाकर ऋण प्राप्त कर सकते हैं।

### 30 जगह फार्मर रजिस्ट्री शिविर 24 को

**जालोर**, (कासं)। जिले में डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर (एग्रीस्टैक) योजना के तहत किसानों की फार्मर रजिस्ट्री तैयार करने के लिए अभियान चलाकर फार्मर रजिस्ट्री शिविरों का आयोजन किया जा रहा है जिससे किसानों को अब 11 अंकों की यूनिक फार्मर आईडी मिलेगी। जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने बताया कि एग्रीस्टैक योजना के तहत जालोर जिले में 24 से 26 फरवरी तक डूडसी, लेटा, मडगांव, चरली, चवरछा, दयालपुरा, निम्बला, नोरवा, नोसरा, कोमता, मेंगलवा, ओटवाला, कालेटी, खोखा, कूका, लूणावास, सरथला, पूनासा, गजीपुरा, जसवंतपुरा, जोडवाड़ा, दईपुर, दांतवाड़ा, धामसीन, डांगरा, बावरला, दांतीया, दूठवा, गोमी व गुडाहेमा ग्राम पंचायत में शिविर का आयोजन किया जायेगा। इस यूनिक आईडी नंबर के आधार पर किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि की किश्त के साथ फसल बीमा का लाभ प्राप्त करने में आसानी होगी। यूनिक फार्मर आईडी नंबर नहीं होने पर पीएम किसान सम्मान निधि का लाभ नहीं मिल सकेगा। खराबे की स्थिति में किसानों का चिन्हीकरण करना आसान होगा। इसके अलावा न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद के लिए किसानों का स्वतः रजिस्ट्रेशन हो जाएगा। किसानों को योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए बार-बार सत्यापन या रजिस्ट्रेशन नहीं कराना पड़ेगा।

### 25 लाख की अवैध शराब बरामद

**गुड़ामालानी**, (निसं)। जिला पुलिस अधीक्षक नरेन्द्र सिंह मीना के द्वारा जिले भर में चलाएं जा रहे नशाखोरी पर प्रभावी नियंत्रण एवं उन्मूलन तथा मादक पदार्थ तस्करी रोकथाम अभियान के तहत गुडामालानी पुलिस ने थाना क्षेत्र के पनावली सरहद के पास एक ढाणी में रखी पंजाब निर्मित अवैध शराब के 212 कार्टून बरामद किए गए। थाना प्रभारी देवीचंद ढाका ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक नरेन्द्र सिंह मीना निदेशानुसार एवं पुलिस उपाधीक्षक सुखाराम विश्नोई के आदेशानुसार मुखबिर कि सुचना पर पनावली सरहद मुलजिमान हनुमान उर्फ पुटिया पुत्र रतनाराम जाति विश्नोई के रहवासी ढाणी में दबिश देकर चारा के बाडे से बाहर छुपाकर रखी पंजाब निर्मित अवैध शराब के 212 कार्टून बरामद किये। पंजाब निर्मित अवैध शराब कि किमत 25 लाख बताई जा रही है। पुलिस कि आने कि भनक मुलजिमान को मिलने पर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने फरार आरोपी एवं बरामद अवैध शराब पर आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की। इस दौरान प्रहलादराम,चेतनराम,प्रवीण कुमार, लिच्छाराम, मोहनलाल, भंवराराम, जमुना सहित पुलिस जाब्ता साथ रहा।

### 43 श्वानों को पकड़कर टीकाकरण किया

**पाली**, (नि.सं.)। जिला कलक्टर एवं प्रशासक लक्ष्मीनारायण मंत्री व नगर निगम आयुक्त नवीन भारद्वाज की निर्देशो की पालना में पाली शहर मे आक्रमक व हिंसक प्रवृत्ति के श्वानों द्वारा महिलाओं, छोटे बच्चो, वृद्धजनो को काटने की घटनाएँ अत्याधिक बढने के कारण राज्य सरकार व उच्चतम न्यायालय द्वारा समय-समय पर जारी निर्देशो के अनुसार इन प्रवृति के श्वानो को पकड कर पशु चिकित्सालय के चिकित्सक द्वारा एन्टीरेबीज का टीका लगाये जाने की कार्यवाही निरन्तर जारी है। नगर निगम आयुक्त ने बताया कि निगम द्वारा प्राप्त शिकायतो के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए अब तक कुल 43 श्वानो को शहर के विभिन्न स्थानो से पकडकर पशु चिकित्सालय के माध्यम से टीकाकरण कर पून: यथास्थान पर छोडा गया है। निगम द्वारा निर्देशो की पालना में आगामी दिनो मे भी निरन्तर कार्यवाही की जायेगी। स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा आमजन से अपील की है कि अगर आपके आस-पास या मौहल्ले में हिंसक व आक्रमक प्रवृति के श्वान विचर कर रहे है तो उनका चिन्हिकरण कर निगम को अवगत करवाकर सहयोग प्रदान करे जिससे शहर में होने वाली डॉग बाइटिंग की घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके एवं आमजन सुरक्षित रहे।

### सुखराज नाहर ने स्वीकृति प्रदान की

**भीनमाल**, (निसं)। मिनी मुंबई के नाम से विख्यात भीनमाल में आम जन हित के कार्यो के लिए भामाशाहों की कोई कमी नहीं रही है। यह बात आज फिर एक बार नगर के सुप्रसिद्ध व्यवसायी व भामाशाह सुखराज नाहर ने साबित कर दिखाई है। ब्रह्मगुप्त एवं कवि माघ की नगरी में नगर खेल परिषद के तत्वावधान में संचालित शिवराज स्टेडियम के आवटंन की लीज डीड 99 वर्षो के लिए नवीनीकरण होने पर शिवराज स्टेडियम के संचालन व प्रबन्धन में स्थानीय भामाशाह सुखराज बाबुलाल नाहर ने स्वीकृति दी है। अब देश के नामी स्टेडियम में यहां का स्टेडियम अन्तर्राष्ट्रीय स्टेडियम के रूप में अपनी पहचान बनायेगा। मीडिया प्रभारी माणकमल भंडारी ने बताया कि अब नगर खेल परिषद के सौजन्य से चलने वाला स्टेडियम 'शिवराज एवं सुखराज नाहर स्टेडियम' के नाम से जाना जायेगा। यहां पर खेलों के माध्यम से खिलाडी पूरे देश एवं विश्व में शहर का नाम गौरविन्त कर सकेगें। गणमान्य नागरिकों ने सुखराज नाहर का अभिनन्दन एवं आभार जताया साथ ही नाहर ग्रुप द्वारा स्टेडियम के मैनेजमेंट के लिए अशोक सेठ को नियुक्त किया गया। नगर के गण मान्य नागरिकों की बैठक स्टेडियम प्रांगण में आयोजित की गई। जिसमें शहर के विकास के लिए स्टेडियम को अन्तर्राष्ट्रीय स्वरूप देने के लिए सुखराज नाहर का आभार व्यक्त करते हुए अधिकांश लोगों ने अपने सुझाव भी दिये। इस अवसर पर डॉ. श्रवण कुमार मोदी, घेवरचंद कांनूगो, अशोक सेठ, मदनराज कांनूगो, भंवरलाल शर्मा, माणकमल भंडारी, राजेन्द्र कुमार, मनोहर मल बाफना, अशोक दिवाकर, श्रवणकुमार, मदन शर्मा सहित कई खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

### एन.एल.यू. के समारोह में सी.एम. आएंगे

**जोधपुर**,(कासं)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा रविवार को एक दिवसीय दौरे पर जोधपुर आएंगे। वे यहां राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय (एनएलयू) के 17 वें दीक्षांत समारोह में शिरकत करेंगे। तय कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री शर्मा 23 फरवरी की सुबह 8:15 बजे जयपुर एयरपोर्ट से विशेष विमान से प्रस्तान कर 9:05 बजे जोधपुर पहुंचेंगे। जोधपुर एयरपोर्ट पर करीब 20 मिनट तक स्थानीय भाजपा पदाधिकारियों से मुलाकात के बाद 9:40 बजे वे यहां से रवाना होकर जोधपुर-नागौर रोड पर स्थित एनएलयू पहुंचेंगे। वहां सुबह 9:50 से दोपहर 12:05 बजे तक नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी के दीक्षांत समारोह में मौजूद रहने के बाद वापस एयरपोर्ट पहुंचकर जयपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

### हादसे में मौत

**जोधपुर**, (कासं)। विद्याश्रम स्कूल रोड पर वाहन की टक्कर से युवक घायल हो गया। उसे उपचार के लिए अस्पताल लाया गया। बाद में उसकी मौत हो गई। एयरपोर्ट थाना पुलिस ने बताया कि डांगियावास स्थित खातियासनी निवासी लाखाराम पुत्र भारतराम जाट ने बताया कि चचेरा भाई कानाराम पुत्र धर्माराम को विद्याश्रम स्कूल रोड पर किसी वाहन ने चपेट में ले लिया।


**एस.के.फाइनेंस लिमिटेड**
(CIN : U65923RJ1994PLC009051)
पंजीकृत कार्यालय: जी 1-2, न्यू मार्केट, खासा कोठी सर्किल, जयपुर- 302001 टोल फ्री: 1800 1039 039
ई-मेल: info@sfkin.in

**शाखा कार्यालय स्थानान्तरण करने हेतु सार्वजनिक सूचना**

सर्वसूचित किया जाता है कि कम्पनी प्रबंधक के निर्णयानुसार हम अपनी **ओसियां शाखा** को नये पते पर स्थानान्तरित कर रहे हैः-

**पुराना पता**- ग्राउण्ड फ्लोर, नए बस स्टैंड के पास, ओसियां, जिला-जोधपुर-342303 (राजस्थान)

**नया पता**- पहली मंजिल, आईसीआईसीआई बैंक के पास, पीएचडी कार्यालय के सामने, ओसियां, जिला जोधपुर-342303 (राजस्थान)

अतः हम अपने सभी ग्राहकों से अनुरोध करते है कि भविष्य में हमारी किसी भी तरह की लोन सुविधाओं के लिए हमारे नये पते पर संपर्क करें।

